भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

06.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 902 का उत्तर

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

902. श्री नीरज शेखरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या माननीय प्रधानमंत्री ने हाल ही में देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2026-27 के दौरान जोन-वार चलाई जाने वाली प्रस्तावित वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर संस्करण को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस तरह की दो रेलगाड़ियां पहले ही विनिर्मित की जा चुकी हैं। गहन परीक्षणों के बाद, इन रेलगाड़ियों को भारतीय रेल में शामिल कर दिया गया है।

वंदे स्लीपर जैसे नए चल स्टॉक के विकास की प्रक्रिया के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष, कार्यनीतिक योजना और विनिर्माण का संयोजन होता है। इसमें प्रोटोटाइप का विकास, गहन परीक्षण और प्रयोग शामिल होते हैं, जिनके बाद श्रृंखलाबद्ध उत्पादन किया जाता है।

यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए, इन ट्रेनसेटों में आधुनिक सवारी डिब्बों के साथ उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाएं प्रदान की गई हैं:

- झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर एवं एंटी-क्लाइम्बर।
- कवच से सुसज्जित।
- 180/160 कि.मी. प्रति घंटे के डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।
- ईएन मानकों के साथ कारबॉडी के अनुरूप दुर्घटना-रोधी डिज़ाइन।

- अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।
- बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।
- ऊर्जा दक्षता के लिए रिजेनरेटिव ब्रेकिंग प्रणाली।
- यात्री क्षेत्र के अंदर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।
- केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे, सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।
- आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।
- यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति पर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।
- ऊपर की शायिकाओं पर चढ़ने में सुगमता के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।

पहली वंदे भारत स्लीपर सेवा अर्थात् 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को दिनांक 17.01.2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रेलगाड़ी को सप्ताह में 6 दिन परिचालित करना निर्धारित किया गया है। यह रेलगाड़ी बुधवार को छोड़कर सभी दिनों में कामाख्या से और गुरुवार को छोड़कर सभी दिनों में हावड़ा से प्रस्थान करने के लिए निर्धारित है। वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी ने दिनांक 22.01.2026 से नियमित परिचालन शुरू कर दिया है।

इसके अलावा, वंदे भारत स्लीपर सेवाओं सहित, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता।

******